जबलपुर | बुधवार | 14 अक्टूबर 2026 | वर्ष 77 | अंक 262 | पृष्ठ 20 | मूल्य रु. 6.00
navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social



नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी
१९३७ से



MDR फीस टली

यूपीआई पेमेंट पर दिवाली तक नहीं देना होगा कोई चार्ज

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर. दिवाली के बाद चुनिंदा कारोबारी को यूपीआई से भुगतान के लिए 2,000 अतिरिक्त चार्ज देना पड़ सकता है.नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) की यूपीआई एंड सर्विसेज स्टीयरिंग कमेटी ने मंगलवार को चुनिंदा कारोबारी लेनदेन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू करने का फैसला किया.

यह शुल्क उन चुनिंदा भुगतानों पर लागू होगा, जो ग्राहक किसी दुकानदार, कारोबारी या सेवा प्रदाता को यूपीआई के जरिए करते हैं. एनसीपीआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में



बताया कि त्योहारों के मौसम को ध्यान में रखते हुए इसे दिवाली के तुरंत बाद लागू करने का निर्णय लिया गया है. हालांकि, शुल्क लागू होने की सटीक तारीख अलग से घोषित की जाएगी. इस फैसले का असर सभी यूपीआई भुगतानों पर नहीं पड़ेगा. जानकारी के अनुसार, प्रस्तावित व्यवस्था में 2,000 से अधिक के चुनिंदा पर्सन-टू-मर्चेंट लेनदेन पर शुल्क लिया जाएगा. पर्सन-टू-पर्सन यानी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को किए जाने वाले भुगतान इस शुल्क से बाहर रहेंगे.

यूपीआई के अलग-अलग नियम

- **2,000 तक का भुगतान मुक्त:** बड़े व्यापारियों के लिए भी 2,000 या उससे कम के प्रत्येक यूपीआई पेमेंट पर कोई शुल्क नहीं.
- **हर ट्रांजैक्शन पर अलग छूट:** 2,000 की सीमा प्रत्येक ग्राहक के अलग-अलग पेमेंट पर लागू होगी.
- **अधिकतम शुल्क 300:** 75,000 या उससे अधिक के बड़े ट्रांजैक्शन पर अधिकतम 300 एमडीआर और उस पर 18% जीएसटी.
- **कुछ क्षेत्रों के लिए विशेष शुल्क:** पेट्रोल पंप, रेलवे, बिल भुगतान, टेलीकॉम, बीमा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में ?2,000 से बड़े पेमेंट पर 5 रुपये का फ्लैट शुल्क बताए जाने का दावा.
- **तीन महीने में कैटेगरी बदलने का नियम:** लगातार तीन महीने तक 1 लाख से अधिक मासिक कलेक्शन होने पर व्यापारी को बड़े मर्चेंट की श्रेणी में शिफ्ट करने का दावा.
- **कार्ड पेमेंट के मुकाबले कम चार्ज:** दिए गए विवरण के अनुसार, क्रेडिट कार्ड पर 1.5-2.5% और डेबिट कार्ड पर 0.90% तक के एमडीआर की तुलना में यूपीआई शुल्क कम रहने का दावा.

यूपीआई भुगतान पर दो तरह के शुल्क निर्धारित

नई व्यवस्था के तहत 2,000 से अधिक के कारोबारी यूपीआई भुगतान पर दो तरह के शुल्क निर्धारित किए गए हैं. पहली श्रेणी में रेलवे, टेलीकॉम सेवाओं, बीमा और ईंधन से जुड़े भुगतान शामिल हैं. इन चार श्रेणियों में प्रति लेनदेन 5 का फ्लैट एमडीआर प्रस्तावित है. यानी इन निर्धारित श्रेणियों में भुगतान की राशि के बजाय प्रति ट्रांजेक्शन के आधार पर शुल्क लगेगा.

सीएम आज लाड़ली बहनों को देंगे सौगात

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 13 अक्टूबर. नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रदेश की लाड़ली बहनों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 41 वीं किश्त की सौगात देंगे.

मुख्यमंत्री 14 अक्टूबर को उमरिया जिले के मानपुर जनपद पंचायत के तहत गुरुवाही ग्राम में आयोजित लाड़ली बहना योजना सम्मेलन में सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की किश्त की राशि



1.25 करोड़ बहनों के खाते में होगी राशि अंतरित

अंतरित करेंगे. प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख पात्र महिलाओं के बैंक खातों में 1,500 रुपये के मान से आर्थिक सहायता राशि अंतरित की जायेगी. इसके साथ ही मुख्यमंत्री विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे.

7% रहेगी भारत की जीडीपी



विकास दर

- भारत: 7%
- चीन: 4.5%
- अमेरिका: 2.3%
- स्पेन: 2.5%
- जर्मनी: 1.3%
- जापान: 0.7%
- फ्रांस: 0.4%

वित्त वर्ष 2027-28 में अमेरिका, चीन जैसे विकसित देशों से भी ज्यादा रहेगी विकास दर

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर. वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता, भू-राजनीतिक तनाव और कारोबार से जुड़ी चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर है.

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है. अक्टूबर 2026 में जारी विश्व आर्थिक परिदृश्य (वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक) के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की वृद्धि दर 7 प्रतिशत रह सकती है. इससे पहले जुलाई में जारी अनुमान में विकास दर 6.4 प्रतिशत रहने की संभावना जताई गई थी. आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2027-28 के लिए भी भारत की विकास दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है. जुलाई में इस अवधि के लिए 6.7 प्रतिशत की ग्रोथ का अनुमान दिया गया था.

NEET पेपर लास्ट मिनट में तैयार

प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर टास्क फोर्स ने दिया प्रस्ताव

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर. नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की आशंकाओं को दूर करने और परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए परीक्षा सुधार टास्क फोर्स के प्रमुख नंदन नीलेकणि ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं.

उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र परीक्षा से काफी पहले तैयार करने के बजाय परीक्षा के दिन बड़े प्रश्न बैंक से अंतिम समय में तैयार किए जाने चाहिए. इससे पेपर लीक होने की आशंका और प्रश्नपत्रों की अवैध बिक्री से मिलने वाले आर्थिक लाभ को कम किया जा सकता है.



एआई की मदद से बन सकता है प्रश्नपत्र

नीलेकणि से जब पूछा गया कि क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) परीक्षा वाले दिन प्रश्नपत्र तैयार करने में सक्षम है, तो उन्होंने इसका समर्थन किया. उन्होंने कहा कि एआई की मदद से बड़े प्रश्न बैंक में से परीक्षा के दिन ही प्रश्नपत्र तैयार किया जा सकता है.

केंद्रीय मंत्री मुरुगन का राज्यसभा से इस्तीफा

सागर, 13 अक्टूबर. तमिलनाडु के भाजपा नेता और मध्य प्रदेश से राज्यसभा सदस्य एल. मुरुगन ने राज्यसभा सांसद के पद से इस्तीफा दे दिया है. इसके साथ ही उन्होंने केंद्रीय मंत्री पद भी त्याग दिया है. जानकारी के अनुसार, मुरुगन ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को पांच पेज का पत्र लिखकर अपने फैसले से अवगत कराया है. उन्होंने तमिलनाडु में पार्टी के लिए काम करने की इच्छा जताई है.



एल. मुरुगन मध्य प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य थे और उनका कार्यकाल अप्रैल 2030 तक निर्धारित था. ऐसे में कार्यकाल पूरा होने से पहले उनका इस्तीफा देना राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है. हालांकि, इस्तीफे की औपचारिक स्वीकृति और केंद्रीय मंत्री पद छोड़ने से संबंधित आधिकारिक प्रक्रिया की स्थिति की पुष्टि आवश्यक है.

तमिलनाडु में संगठन को मजबूत करने पर जोर

मुरुगन का तमिलनाडु की राजनीति और भाजपा संगठन से जुड़ाव रहा है. उनके फैसले से संकेत मिलता है कि वे राज्य में पार्टी की गतिविधियों को मजबूत करने और संगठनात्मक जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं. भाजपा के लिए तमिलनाडु में अपना जनाधार बढ़ाना लंबे समय से एक महत्वपूर्ण राजनीतिक लक्ष्य रहा है. राज्यसभा सदस्यता और केंद्रीय मंत्री पद छोड़ने का निर्णय ऐसे समय में सामने आया है, जब तमिलनाडु में भाजपा अपनी राजनीतिक स्थिति मजबूत करने के प्रयासों में जुटी है.

कोयंबटूर से भोपाल आ रहे बाइक सवार की हादसे में मौत

नवभारत न्यूज

बैतूल, 13 अक्टूबर. तमिलनाडु के कोयंबटूर से भोपाल तक बाइक से सफर कर रहे 29 वर्षीय युवक की बैतूल में सड़क हादसे में मौत हो गई. मंगलवार देर रात नेशनल हाईवे-47 पर बैतूल बाजार थाना क्षेत्र में भारी वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में युवक के सिर में गंभीर चोट आने से मौके पर ही दम तोड़ दिया.

मृतक की पहचान एस. गौतम के रूप में हुई है. वह दुबई में नौकरी करता था और भोपाल में पारिवारिक मित्र से मिलने जा रहा था. पुलिस ने बताया कि हादसा झिटापटी यात्री प्रतीक्षालय के पास रात करीब 2:30 से 3 बजे के बीच हुआ. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गौतम को फ्लाइट नहीं मिलने के कारण उसने कोयंबटूर से भोपाल तक करीब 1,800 किलोमीटर की दूरी बाइक से तय करने का फैसला किया था. हालांकि, वह कितनी देर से लगातार बाइक चला रहा था, इस संबंध में अभी कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है.



बैतूल के पास भारी वाहन से देर रात हुई टक्कर

परिजनों के आने का इंतजार

बैतूल बाजार थाने के बीट प्रभारी रमन धुर्वे के अनुसार, हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है. भोपाल से युवक के कुछ परिचित बैतूल पहुंचे थे. हालांकि, पोस्टमार्टम की प्रक्रिया परिवार के सदस्यों के आने के बाद पूरी की जाएगी. पुलिस के अनुसार गौतम के पिता का कुछ वर्ष पहले निधन हो चुका था. परिवार में उसकी मां और भैया-भाभी हैं. वहीं हादसे के बाद पुलिस ने युवक को टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है.

बैंक भर्ती फर्जीवाड़ा : 6 राज्यों में सीबीआई रेड

- 4 गिरफ्तार, 5 साल पुराने रिकॉर्ड खंगाले
- जांच में 172 अफसर निकले फर्जी

एमपी में ग्रामीण बैंक के 19 कर्मचारी निलंबित

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली 13 अक्टूबर. सीबीआई ने बैंक भर्ती में 5 साल के पुराने डेटा की जांच के जरिए बड़े फर्जीवाड़ा का खुलासा किया है.

आंखों के स्कैन के जरिए 257 संदिग्ध मिले हैं. इनमें 172 अलग-अलग बैंकों में नौकरी कर रहे थे. सीबीआई अब देशभर में अन्य फर्जी अफसरों की तलाश में जुटी गई है. संबंधित बैंकों को उनके सर्विस रूल्स के तहत कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं. सीबीआई ने अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया है. जबकि, 135 लोगों को आरोपी बनाया है. इस संबंध में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, बिहार, हरियाणा और पश्चिम बंगाल से जुड़े आरोपियों पर कार्रवाई की गई है. मध्य प्रदेश में तो इस संबंध में जांच के बाद ग्रामीण बैंक के 19 कर्मचारियों को निलंबित भी किया जा चुका है.

ड्रग एक्टिविस्ट्स की हत्या

गुस्साए लोगों ने मेडिकल स्टोर में तोड़फोड़ कर किया प्रदर्शन

मानसा (पंजाब), 13 अक्टूबर. पंजाब के मानसा में नशे के खिलाफ अभियान चलाने वाले एंटी-ड्रग एक्टिविस्ट परमिंदर सिंह झोटा (45) की मंगलवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई.

घटना शहर के एक मेडिकल स्टोर पर हुई, जहां झोटा अपने साथियों के साथ प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की बिक्री का विरोध करने पहुंचे थे. विवाद के दौरान मेडिकल स्टोर संचालक अश्विनी कुमार ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग कर दी. झोटा



को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद आरोपी फरार हो गया. परिजनों के मुताबिक, झोटा को सूचना मिली थी कि मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बेची जा रही हैं.

इंडिगो की रियाद समेत 4 उड़ानें 17 तक रद्द

नई दिल्ली. सऊदी अरब में बदलते सुरक्षा हालात के बीच इंडिगो एयरलाइन ने रियाद, जेद्दा, दम्माम और मदीना आने-जाने वाली अपनी सभी उड़ानें 17 अक्टूबर तक रद्द कर दी हैं. एयरलाइन ने मंगलवार को जारी एडवाइजरी में इसकी जानकारी दी. इस फैसले से इन शहरों की यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. इंडिगो ने यात्रियों को एयरपोर्ट के लिए रवाना होने से पहले अपनी फ्लाइट का स्टेटस आधिकारिक वेबसाइट पर जांचने की सलाह दी है.

चाय बेचने वाले का फर्जी मेडिकल कॉलेज

उत्तरप्रदेश के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था पर उठाए सवाल

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ, 13 अक्टूबर. उत्तर प्रदेश के एटा जिले में जर्जर फार्महाउस से संचालित फर्जी मेडिकल कॉलेज के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है.

अदालत ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और अन्य नियामक संस्थाओं को सार्वजनिक एडवाइजरी जारी करने का निर्देश दिया है, ताकि विद्यार्थी किसी भी शैक्षणिक संस्थान में दाखिला लेने से पहले उसकी मान्यता और प्रामाणिकता की जांच कर सकें. मामले में एक चाय विक्रेता को कॉलेज का चेयरमैन दिखाए जाने की बात सामने आने के बाद संस्थान के संचालन पर गंभीर सवाल उठे हैं.



मामले में सबसे चौंकाने वाला तथ्य भगवान दास सिंह बघेल से जुड़ा है. अदालत के सामने रखे गए तथ्यों के मुताबिक, उन्हें संस्थान का चेयरमैन दिखाया गया था.

जर्जर फार्महाउस से चल रहा था संस्थान

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस एनवी अंजारी की पीठ ने एटा जिले के महमूदपुर नगरिया गांव में संचालित फर्जी मेडिकल कॉलेज से जुड़े मामले पर संज्ञान लिया. एक सितंबर को प्रकाशित रिपोर्ट में संस्थान के जर्जर फार्महाउस से संचालित होने का खुलासा हुआ था. इस संस्थान में डी-फार्मा, बी-फार्मा और बीएससी नर्सिंग जैसे पाठ्यक्रम संचालित करने का दावा किया जा रहा था.

आरोप | गृह मंत्री अमित शाह ने किया राहुल गांधी पर हमला

एसआईआर की आड़ में घुसपैठियों को बचा रहा विपक्ष

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर. विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनाव आयोग के खिलाफ विपक्ष के देशव्यापी विरोध के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला.

शाह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी एसआईआर की आड़ में घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने दावा किया कि जनता विपक्ष के एजेंडे को समझती है और 2029 के लोकसभा चुनाव में भी



राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगा. शाह ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया 2024 के बाद शुरू हुई, जबकि कांग्रेस राहुल गांधी के राजनीति में आने के बाद से लगातार चुनावी हार का सामना कर रही है. उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस को आगामी लोकसभा चुनाव में भी हार के लिए तैयार रहना चाहिए.

गृह मंत्री ने गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों का उल्लेख करते हुए भाजपा की जीत का दावा किया और सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस की हार के लिए एसआईआर को जिम्मेदार ठहराया जाएगा. उन्होंने त्रिपुरा के ग्राम समिति चुनावों का भी जिक्र किया और कहा कि वहां भी भाजपा के पक्ष में नतीजे आए.

सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा मामला

एसआईआर में कथित अनियमितताओं को लेकर विपक्ष पहले भी प्रदर्शन कर चुका है. इंडिया गठबंधन के नेताओं ने चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च निकाला और राजघाट पर मौन प्रदर्शन भी किया. इसके बाद विपक्षी नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर एसआईआर की प्रक्रिया पर सवाल उठाए और न्यायिक हस्तक्षेप की मांग की. फिलहाल एसआईआर को लेकर भाजपा और विपक्ष के बीच राजनीतिक टकराव तेज हो गया है.

